<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–03 मई 2024</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल कानपुर में और कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी आज फतेहपुर सीकरी में करेंगी रोड–शो।
- लोकसभा चुनाव के लिये प्रचार अभियान हुआ तेज। भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह और सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने बदायूं में तथा बसपा प्रमुख मायावती और योगी आदित्यनाथ ने मैनपुरी में की जनसभा।
- बसपा ने छह और भाजपा ने दो लोकसभा सीटों पर घोषित किए प्रत्याशी। कैसरगंज से भाजपा ने बृजभूषण शरण सिंह के बेटे करण भूषण सिंह और रायबरेली से दिनेश प्रताप सिंह को बनाया उम्मीदवार।
- लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के लिये आज तक दाखिल किये जा सकेंगे नामांकन पत्र। कल होगी जांच।

**और**

- सम्भल जिले में आगरा–मुरादाबाद राजमार्ग पर हुयी एक सड़क दुर्घटना में चार लोगों की मौत।

**********

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कल कानपुर में रोड–शो प्रस्तावित है। कानपुर लोकसभा सीट से पार्टी प्रत्याशी रमेश अवस्थी और अकबरपुर लोकसभा सीट से पार्टी प्रत्याशी देवेंद्र सिंह भोले के समर्थन में श्री मोदी यह रोड–शो करेंगे। इसको लेकर जिला प्रशासन सुरक्षा के साथ ही दूसरी तैयारियां पूरी कर रहा है।

रोड–शो के व्यवस्था प्रमुख सुरेंद्र मैथानी ने बताया कि श्री मोदी गुरुद्वारे में माथा टेक कर रोड शो की शुरुआत करेंगे। लोगों के लिए श्री मोदी को नजदीक से देखने और मिलने के लिए सड़क के किनारे 40 ब्लॉक बनाए जायेंगे। प्रत्येक ब्लॉक में एक हजार लोगों के बैठने की व्यवस्था होगी।

उधर, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव प्रियंका गांधी फतेहपुर सीकरी से इंडी गठबंधन से कांग्रेस प्रत्याशी रामनाथ सिकरवार के समर्थन में फतेहाबाद में कल रोड–शो करेंगी।

**********

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिये राजनीतिक दलों ने चुनाव प्रचार तेज कर दिया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और गृहमंत्री अमित शाह ने कल बरेली, बदायूं और सीतापुर में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में रैली की। बरेली में रैली को संबोधित करते हुए श्री शाह ने कहा कि लोग इस बार अराजकता और भाई–भतीजावाद के बजाय विकास को चुनने जा रहे हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल मैनपुरी में पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में रोड शो किया। एटा में एक जनसभा को सम्बोधित करते हुए श्री योगी ने कहा कि समाजवादी पार्टी और कांग्रेस लोगों की आस्था के साथ खिलवाड़ कर रही है। उधर, समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने बदायूं में एक राजनीतिक रैली में हमला बोलते हुए कहा कि बीजेपी देश को गुमराह कर रही है। बहुजन समाज पार्टी सुप्रीमो मायावती ने मैनपुरी में पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में रैली को संबोधित करते हुए कहा कि इस चुनाव में भाजपा की जुमलेबाजी काम नहीं आयेगी। राष्ट्रीय लोक दल प्रमुख जयंत चौधरी ने हाथरस लोकसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया।

**********

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में प्रदेश की दस सीटों पर सात मई को मतदान होना है। इसमें संभल की महत्वपूर्ण सीट भी शामिल है। इस सीट पर कांग्रेस पिछले चालीस वर्षों से नहीं जीती है तो भाजपा आज तक सिर्फ एक बार जीत पाई है। समाजवादी पार्टी के प्रभाव वाली इस सीट पर इस बार पार्टी ने स्वर्गीय शफीकुर्रहमान बर्क के नाती जिया उर रहमान बर्क को उम्मीदवार बनाया है। भाजपा ने दो हजार उन्नीस के उपविजेता परमेश्वर लाल सैनी को एक बार फिर मैदान में उतारा है। वहीं बसपा ने चौधरी सौलत अली को प्रत्याशी बनाया है। सम्भल सीट की सियासी तस्वीर पर हमारे प्रतिनिधि की रिपोर्ट.........

***संभल लोकसभा सीट के अंतर्गत पांच विधानसभाएं संभल, चंदौसी असमोली, कुंदरकी एवं बिलारी शामिल हैं। सीट पर 18 लाख 97 हजार 882 मतदाता है। संभल लोकसभा सीट को समाजवादी पार्टी का गढ़ भी माना जाता है। इस सीट से समाजवादी पार्टी के संस्थापक स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव दो बार, रामगोपाल यादव एक बार सांसद रह चुके हैं। इस बार सपा ने पहले शफीक उर रहमान बर्क को अपना प्रत्याशी बनाया था लेकिन बीमारी के चलते उनका निधन हो गया, जिसके बाद पार्टी ने उनके नाती जियाउर रहमान बर्क को प्रत्याशी बनाया है, जो कि वर्तमान में कुंदरकी विधानसभा से विधायक हैं। वहीं भाजपा ने 2019 के लोकसभा चुनाव में उपविजेता रहे परमेश्वर लाल सैनी को एक बार फिर प्रत्याशी बनाया है। बसपा ने चौधरी शौलत अली को अपना उम्मीदवार बनाया है। अरुण कुमार, आकाशवाणी समाचार, संभल।***

**********

कैसरगंज और रायबरेली सीटों पर भाजपा उम्मीदवारों के नाम घोषित कर दिये गये हैं। पार्टी ने रायबरेली सीट से राज्य सरकार में मंत्री दिनेश प्रताप सिंह को मैदान में उतारने का फैसला किया है। दिनेश प्रताप सिंह वर्तमान में यूपी में विधान परिषद के

सदस्य हैं। दो हजार उन्नीस में यह एकमात्र सीट थी, जिसे कांग्रेस पार्टी उत्तर प्रदेश में जीतने में कामयाब रही थी और कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी ने इस सीट से जीत हासिल की थी। इस बार वह चुनाव नहीं लड़ रही हैं और कांग्रेस ने अभी तक इस सीट से उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है। भाजपा ने कैसरगंज के मौजूदा सांसद बृजभूषण शरण सिंह का टिकट काटकर उनके बेटे करण भूषण सिंह को कैसरगंज सीट से मैदान में उतारा है।

बहुजन समाज पार्टी ने छह लोकसभा क्षेत्रों सहित विधानसभा उपचुनाव के लिए लखनऊ पूर्वी सीट पर पार्टी उम्मीदवार की सूची जारी कर दी है। पार्टी ने आज़मगढ़ और डुमरियागंज सीट से अपने उम्मीदवार बदल दिये हैं। आजमगढ़ सीट से श्रीमती सबीहा अंसारी की जगह अब मशहूद अहमद चुनाव लड़ेंगे।

इसके अलावा गोण्डा लोकसभा सीट से सौरभ मिश्रा, डुमरियागंज सीट से मोहम्मद नदीम मिर्जा, कैसरगंज लोकसभा सीट से नरेन्द्र पाण्डेय, संतकबीर नगर सीट से नदीम अशरफ, बाराबंकी लोकसभा सीट से शिव कुमार दोहरे को उम्मीदवार बनाया गया है। वहीं लखनऊ पूर्वी विधानसभा सीट से आलोक कुशवाहा को उम्मीदवार घोषित किया गया है।

**********

प्रदेश की चौदह लोकसभा सीटों पर होने वाले पांचवें चरण के लोकसभा चुनाव के लिये आज नामांकन का अंतिम दिन है। इस चरण में अब तक विभिन्न दलों के सौ से अधिक प्रत्याशी नामांकन कर चुके हैं। इसी क्रम में कल बांदा लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी कृष्णा पटेल ने अपना नामांकन दाखिल किया। फतेहपुर सीट से बसपा प्रत्याशी मनीष सिंह पटेल, झांसी संसदीय सीट से इंडी गठबंधन के कांग्रेस उम्मीदवार प्रदीप जैन आदित्य ने अपना नामांकन दाखिल किया। इस चरण के लिये दाखिल नामांकनों की जांच कल की जायेगी और छः मई तक प्रत्याशी अपना नाम वापस ले सकेंगे। इस चरण के लिये बीस मई को मतदान होगा। उधर, छठे चरण के लिये प्रदेश की चौदह सीटों पर नामांकन की प्रक्रिया जारी है। इसी क्रम में जौनपुर जिले के मछली शहर सुरक्षित लोकसभा क्षेत्र से सपा प्रत्याशी प्रिया सरोज ने कल अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस चरण के लिये अब तक तैंतीस प्रत्याशी नामांकन दाखिल कर चुके हैं। छठे चरण में प्रदेश की सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, फूलपुर, इलाहाबाद, अम्बेडकर नगर, श्रावस्ती, डुमरियांगंज, बस्ती, संतकबीरनगर, लालगंज, आजमगढ़, जौनपुर, मछलीशहर और भदोही लोकसभा सीटों पर उम्मीदवार छः मई तक अपना नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे और मतदान पच्चीस मई को होगा।

**********

लखनऊ विश्वविद्यालय के वास्तुकला एवं योजना संकाय के प्रदर्शनी कक्ष में कल लोककला उत्सव का उद्घाटन वरिष्ठ कलाकार प्रो जयकृष्ण अग्रवाल और वास्तुकला संकाय की विभागाध्यक्ष प्रो रितु गुलाटी ने किया। कल तक चलने वाले इस तीन दिवसीय अखिल भारतीय लोक और जनजातीय कला शिविर में उत्तर प्रदेश सहित पश्चिम बंगाल, राजस्थान और असम के ग्यारह कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे।

**********

भारतीय लेखक अमित राजपूत को एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स ने ग्रैण्ड मास्टर के खिताब से सम्मानित किया है। उनको यह सम्मान न्यूनतम आयु में प्रतिमानित स्तम्भ आलेख के लिये प्रदान किया गया है। अमित राजपूत का नाम एक स्तम्भकार के रूप में इण्डिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में भी दर्ज है।

**********

सम्भल जिले के गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र में आगरा–मुरादाबाद राजमार्ग पर कल परिवहन विभाग की एक बस ने ओवरटेक करने के दौरान एक चारपहिया वाहन को टक्कर मार दी। इस टक्कर में चारपहिया वाहन में सवार दो महिलाओं और दो बच्चों सहित चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी। तीन घायल लोगों को पुलिस ने इलाज के लिये अस्पताल में भर्ती कराया है। वाहन में सवार लोग रामपुर से वृन्दावन दर्शन के लिये जा रहे थे।

**********